**दिनांक : 29/05/2026** **समय :7.10एएम**

**प्रादेशिक समाचार एकांश**
**आकाशवाणी, भोपाल**
**प्रात:कालीन समाचार**

मुख्य समाचार:-

- प्रधानमंत्री ने कहा- जनजातीय समुदाय के विकास और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही सरकार।
- गेहूं खरीदी में मध्य प्रदेश ने बनाया रिकॉर्ड, जल संरक्षण में भी देश में पहला स्थान।
- प्रदेश में भीषण गर्मी के बीच कुछ स्थानों पर आंधी-बारिश का दौर जारी, कई जिलों के लिए चेतावनी जारी।
- आईपीएल क्रिकेट में आज दूसरे क्वालीफायर मुकाबले में गुजरात टाइटंस का सामना राजस्थान रॉयल्स से होगा।

अब समाचार विस्तार सेः-

प्रधानमंत्री-जनजातीय सुरक्षा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल नई दिल्ली में जनजाति सुरक्षा मंच के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जनजातीय समुदाय के प्रति मंच का समर्पण वास्तव में सराहनीय है। उन्होंने कहा कि बैठक के दौरान जनजातीय समुदाय के विकास और सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर सार्थक चर्चा हुई।

प्रधानमंत्री - कुश्ती टीम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वियतनाम के दा नांग में आयोजित 2026 अंडर-23 एशियाई चैंपियनशिप में भारतीय पहलवानों के शानदार प्रदर्शन पर उन्हें बधाई दी। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में, श्री मोदी ने कहा कि पुरुष फ्रीस्टाइल और महिला कुश्ती टीमों ने चैंपियनशिप में टीम खिताब जीते। उन्होंने बताया कि पुरुष फ्रीस्टाइल कुश्ती टीम ने चार स्वर्ण पदकों सहित नौ पदक जीतकर रिकॉर्ड बनाया, जो चैंपियनशिप के इतिहास में देश के अब तक के सर्वाधिक पदक हैं। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि महिला कुश्ती दल ने भी छह स्वर्ण पदकों सहित दस पदक जीतकर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया।

अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मंच- डोभाल

रूस में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मंच को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दोहरे मापदंड नहीं अपनाए जा सकते। मॉस्को में आयोजित इस बैठक में श्री डोभाल ने कहा कि जिम्मेदार देशों को यह तय करना होगा कि वे आतंकवाद को बढ़ावा देने वालों का साथ देंगे या उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे। श्री डोभाल ने पश्चिम एशिया की स्थिति का उल्लेख करते हुए होर्मुज जलडमरू मध्य और लाल सागर जैसे अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों में व्यापार की सुरक्षित और निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करने पर भी बल दिया।

गेहूं खरीदी रिकॉर्ड

मध्य प्रदेश ने, देश भर में किसानों से सर्वाधिक गेहूं खरीदने का नया रिकॉर्ड बनाया है। राज्य सरकार द्वारा अब तक 13 लाख 46 हजार से अधिक पंजीकृत किसानों से 1 करोड़ 3 लाख मीट्रिक टन से ज्यादा गेहूं की खरीदी की जा चुकी है। इसके साथ ही, राज्य ने जल संरक्षण में भी देश में पहला स्थान हासिल किया है। जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से प्रदेश में 2 लाख से अधिक जल संरचनाओं पर काम किया गया है।

ट्विशा मामला-गिरीबाला गिरफ्तार

भोपाल में त्विषा शर्मा की मौत मामले में सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश गिरिबाला सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया. सीबीआई की मुख्य सूचना अधिकारी ने बताया कि भोपाल स्थित घर में छह घंटे से अधिक समय तक पूछताछ और जांच के बाद सीबीआई ने गिरिबाला सिंह को गिरफ्तार कर लिया. मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने गिरिबाला सिंह को मिली अग्रिम जमानत बुधवार 27 मई को रद्द कर दी थी. अदालत ने अपने आदेश में कहा था कि मामले की गंभीरता, उपलब्ध साक्ष्यों और जांच की स्थिति को देखते हुए उन्हें राहत देना उचित नहीं था।

मुख्यमंत्री सादगी संदेश

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सादगी, मितव्ययिता और सुशासन के मंत्र को आत्मसात करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश में एक नई कार्य संस्कृति स्थापित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा प्रशासनिक खर्चों में संयम और संसाधनों के संतुलित उपयोग को लगातार प्राथमिकता दी जा रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कल अपने काफिले में वाहनों की संख्या सीमित रखते हुए जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ एक ही बस में सवार होकर इंदौर से उज्जैन तक की यात्रा की। इस दौरान सुरक्षा और आवश्यक व्यवस्था के लिये केवल तीन अन्य वाहन ही साथ रहे।

सशक्त वाहिनी

विदिशा जिले की सशक्त वाहिनी युवती शिवानी रघुवंशी की सूझबूझ और संवेदनशीलता के चलते एक सराहनीय पहल हुई है। बिहार में अपने घर से भटककर विदिशा पहुंचकर इधर-उधर घूम रही मासूम बच्ची को देखकर शिवानी ने तत्काल जिला प्रशासन को सूचना दी। इसके बाद मासूम को सुरक्षित घर पहुंचा दिया गया। गौरतलब है कि विदिशा कलेक्टर अंशुल गुप्ता द्वारा 'सशक्त वाहिनी अभियान' अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत स्थानीय बालिकाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर और सजग बनाया जा रहा है। अभियान के तहत आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की 12वीं पास और न्यूनतम 18 वर्ष की युवतियों को प्रतियोगी परीक्षाओं, विशेषकर पुलिस भर्ती के लिए तैयार किया जाता है। इसके तहत बालिकाओं को प्रतिदिन 2 घंटे की नि:शुल्क लिखित कोचिंग और पुलिस लाइन में 1 घंटे की फिजिकल ट्रेनिंग दी जाती है। साथ ही विशेषज्ञों के मार्गदर्शन के साथ पोषण आहार भी प्रदान किया जाता है।

मौसम अपडेट

प्रदेश में भीषण गर्मी के बीच कुछ स्थानों पर आंधी-बारिश का दौर जारी है। पिछले 24 घंटों के दौरान जबलपुर और सागर संभागों में कहीं-कहीं वर्षा दर्ज की गई, इस दौरान जबलपुर में सबसे तेज 46 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चली। प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान खजुराहो और नौगांव में 46.6°डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया

गया, जबकि राजगढ़, रीवा और दतिया सहित कई जिलों में लू का प्रभाव रहा। आज ग्वालियर, मुरैना, श्योपुरकलां, सतना, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, दतिया और भिंड जिलों में तीव्र लू के साथ 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने और वज्रपात का अलर्ट है। इसके अलावा भोपाल, इंदौर, जबलपुर, रीवा और गुना सहित अन्य जिलों में भी लू और गर्म रात का असर बना रह सकता है।

आईपीएल

आईपीएल क्रिकेट में आज दूसरे क्वालीफायर मुकाबले में गुजरात टाइटंस का सामना राजस्थान रॉयल्स से होगा। यह मुकाबला न्यू चंडीगढ़ के महाराजा यादविंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा।

इस मैच की विजेता टीम रविवार को अहमदाबाद में होने वाले फाइनल मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से भिड़े गी।
अब कुछ समाचार संक्षेप में:-

- आगरमालवा जिले में समान नागरिक संहिता के संबंध में गठित उच्च स्तरीय समिति की बैठक 31 मई को नवीन मांगलिक भवन में आयोजित होगी।
- शिवपुरी जिले में दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मंगलम परिसर में चल रहा सात दिवसीय कृत्रिम अंग निर्माण एवं वितरण शिविर 31 मई तक जारी रहेगा।
- छिन्दवाड़ा जिले में रात्रिकालीन कैंप लगाकर वनपट्टा धारी किसानों का ई-विकास प्रणाली में पंजीयन किया गया।
- धार जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ऐतिहासिक मुंज सागर तालाब में सामूहिक श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- डिंडौरी जिले में किसानों को अल्पकालीन फसल ऋण देने हेतु 30 जून तक किसान क्रेडिट कार्ड अभियान चलाया जा रहा है।
- इंदौर जिले में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने एन एच ए आई की निर्माणाधीन इंदौर-राघवगढ़ सड़क का निरीक्षण किया।
- भोपाल में नगर निगम द्वारा स्वच्छ जल आपूर्ति हेतु 91 स्थानों से पानी के नमूने लेकर जांच कराई जा रही है।
- राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो आज और कल मंडला जिले के दौरे पर रहेंगे।
- नीमच जिले में कलेक्टर हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता में आज शुक्रवार शाम 4 बजे जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक होगी।
- पन्ना जिले के देवेंद्रनगर रेंज के अंतर्गत जंगल में तेंदूपत्ता तोड़ने गई मां-बेटी भालू के हमले में गंभीर रूप से घायल हो गईं। दोनों घायलों को इलाज के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।

-------------